दिनांकः 26.08.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत पर्यावरण अनुकूल परिवहन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा हैं
- राज्य विधानसभा के मानसून सत्र से पहले 28 अगस्त को सर्वदलीय बैठक बुलाई जायेगीं
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अत्यधिक बरसात से प्रभावित कोटा–बूंदी क्षेत्र में हालात की समीक्षा कीं
- आरपीएससी ने अनुचित साधनों से नौकरी पाने वाले 415 अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षाओं से आजीवन डिबार कियां

**0000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की **मेक इन इंडिया** यात्रा में एक नया अध्याय जुड रहा हैं श्री मोदी आज गुजरात में **टीडीएस लिथियम आयन बैटरी संयंत्र** में **हाईब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड** के उत्पादन के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थें प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अवसर, भारत और जापान के बीच की मित्रता को नया आयाम देगां

....................

श्री मोदी ने कहा कि भारत के पास लोकतंत्र की ताकत है, काम करने वाले युवाओं की संख्या अधिक है और बडी संख्या में कुशल कामगार भी हैं इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने आज गुजरात के हंसलपुर से **मेड इन इंडिया बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन ई–विटारा** को झंडी दिखाई उन्होंने सुजुकी मोटर में प्रदर्शनी का अवलोकन भी कियां एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आज का दिन विशेष हैं आत्मनिर्भरता हासिल करने और पर्यावरण अनुकूल परिवहन के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा हैं

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 28 तारीख को जापान की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगें आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि श्री मोदी 29 और 30 अगस्त को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ होगें श्री मोदी 15वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेगें

000

गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम से जुडी कार्यशाला को सम्बोधित कियां दो दिन की इस कार्यशाला का आयोजन गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन विभाग की ओर से किया गया हैं उद्‌घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम

के माध्यम से गांवों में रोजगार बढ़ाने, बुनियादी विकास और संस्कृति संरक्षण के प्रयास किये जा रहे हैं तीन मुख्य बिन्दुओं पर आधारित इस कार्यक्रम के जरिए सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने, हर गांववासी को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और सीमा तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए गांवों को सशक्त तंत्र के रूप में विकसित करना हैं

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जनप्रतिनिधियों से विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया हैं मुख्यमंत्री निवास पर आज दूसरे दिन भी सांसद–विधायक संवाद का सिलसिला चलां मुख्यमंत्री ने आज नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, सिरोही और पाली संसदीय क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से चर्चा कीं इस दौरान श्री शर्मा ने केन्द्र और राज्य सरकार की जनहित योजनाओं को आम लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने की बात कहीं संवाद कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहें

000

16वीं राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र एक सितम्बर से शुरू होगां इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि इस दौरान सरकार कई विधेयक पेश करेगीं पत्रकारों से बातचीत में श्री पटेल ने बताया कि 28 अगस्त को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई हैं

....................

000

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने आज उदयपुर के खैरवाड़ा में जवानों की सम्पर्क सभा लीं पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में हुई इस सम्पर्क सभा में जवानों ने डीजीपी को अपनी समस्याएं बतायीं इस दौरान श्री शर्मा ने पुलिस विभाग में भर्ती, पदोन्नति, बैरक निर्माण तथा अन्य विषयों पर चर्चा कीं डीजीपी ने जवानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगां

.................

सम्पर्क सभा में उदयपुर रेंज के आईजी गौरव श्रीवास्तव भी मौजूद रहें

000

प्रदेश में पूर्वी राजस्थान सहित कुछ अन्य स्थानों पर भारी बारिश का दौर आज धीमा पड़ने से लोगों को राहत मिली हैं हाडौती अंचल में जल भराव की स्थिति अब धीरे–धीरे सामान्य हो रही हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी में अत्यधिक बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा बैठक लीं उन्होंने अधिकारियों के साथ वर्षाजनित हालात पर चर्चा कीं पत्रकारों से बातचीत में श्री बिरला ने कहा कि क्षेत्र में जल भराव और उचित निकासी नहीं होने के कारणों का अध्ययन किया जाएगां

..................................

इस बीच मौसम विभाग ने आज भरतपुर और जोधपुर जिले में हल्की से मध्यम बारिश होने और कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जतायी हैं वहीं 16 जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट बताया गया हैं आज सिरोही और हनुमानगढ़ में कई जगह बारिश के समाचार हैं

000

प्रदेश में चल रही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के लिए आज जयपुर में लॉटरी निकाली गई जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कलेक्ट्रेट में ये लॉटरी निकालीं इसमें जिले से 4 हजार 900 से अधिक यात्रियों को तीर्थाटन के लिए चुना गयां वहीं सलूम्बर में भी योजना के चालू वित्त वर्ष के लिए ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई इसमें 463 यात्रियों का चयन किया गयां देवस्थान विभाग के अनुसार प्रदेशभर में सबसे अधिक आवेदन काठमाण्डू स्थित पशुपतिनाथ मन्दिर की हवाई यात्रा के लिए आएं

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाने पर जोर दिया हैं उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए लगातार काम होना चाहिएं श्री बागड़े विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के बारे में राजभवन में आयोजित बैठक में बोल रहे थें उन्होंने कुलगुरूओं से विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और रोजगारपरक पाठ्क्रमों को बढ़ावा देने का भी आह्वान कियां

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा के लिए किसी भी तरह की धांधली से नौकरी पाने की कोशिश करने वालों पर कड़ी नजर रख रहा हैं आरपीएससी ने अनुचित साधनों से नौकरी पाने वाले 415 अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षाओं से आजीवन डिबार किया हैं इसके अलावा 109 अभ्यर्थियों को 1 से 5 साल तक के लिए डिबार किया गया हैं इनमें राज्य के विभिन्न जिलों के अभ्यर्थी शामिल हैं इन्होंने भर्ती परीक्षाओं में फर्जी दस्तावेजों, फर्जी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र का इस्तेमाल किया थां

000

संस्कृत के चार वरिष्ठ अध्यापकों को फर्जी प्रमाण पत्र से नियुक्ति पाने पर सेवा मुक्त कर दिया गया हैं संस्कृत शिक्षा विभाग निदेशालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार 2022 में हुई प्रतियोगी परीक्षा में निशक्तजन श्रेणी में गलत तरीके से नियुक्ति प्राप्त करने पर इन्हें अपात्र माना गया हैं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि भर्तियों में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगां चयन प्रकियाओं में गलत तरीकों को इस्तेमाल कर सरकारी सेवा प्राप्त करने वालों को सेवा मुक्त किया जाएगां

000

बीकानेर मण्डल पर आरयूबी के काम के कारण रेल यातायात प्रभावित हो रहा हैं उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इससे 20 सितम्बर तक कुछ गाड़ियों के संचालन पर असर पड़ेगां

...................

000

बालोतरा जिले में गायों में एक बार फिर लम्पी रोग के लक्षण दिखने लगे हैं कल्याणपुर तहसील में लम्पी बीमारी के 58 मामले सामने आए हैं इसे लेकर पशुपालन विभाग सतर्क है और नोडल टीमों का गठन किया गया हैं इसके साथ ही मोबाइल यूनिट को भी अलर्ट मोड पर रखा गया हैं

000

जयपुर सैन्य स्टेशन में आवा सप्ताह समारोह के तहत सैन्यकर्मियों के आश्रितों के लिए निजी क्षेत्र में भर्ती अभियान चलाया गयां आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन के निदेशक कर्नल राजेश भूकर ने बताया कि इसमें सैनिकों की पत्नियों, वीर नारियों और बच्चों ने भाग लियां

000

गणेश चतुर्थी का पर्व कल मनाया जाएगां इसके साथ ही घरों, विभिन्न स्थानों और मन्दिरों में गणपति की स्थापना की जाएगीं इस अवसर पर गणेश मन्दिरों को विशेष रूप से सजाया गया हैं बाजारों में भगवान गणेश की मूर्तियों और पूजन सामग्री की उत्साह के साथ खरीददारी की जा रही हैं अनन्त चतुदर्शी तक चलने वाले गणेशोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन होगें इस बीच सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश मेले में श्रद्धालुओं और पद यात्रियों के जत्थे पहुंच रहे हैं आज बडी संख्या में भक्तों ने भोग–आरती में हिस्सा लियां मुख्य मेला कल भरेगां

000